राष्ट्रीय समाचार पत्र

जनोदय पंच

बेखौफ, बेधड़क सच

डिजीटल संस्करण

RNI No. MPHIN/25/A2500

www.janodaypunch.com

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, खरगोन से प्रसारित

इंदौर-बड़वानी से प्रकाशित | बुधवार, 25 मार्च 2026 | कीमत : 1रुपए

सरपंच पुत्र पर गुंडागर्दी के आरोप, ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

गांव में भय का माहौल, पंचायत संचालन में हस्तक्षेप और शिकायतकर्ताओं को डराने के आरोप



रमन बोरखड़े, बड़वानी

सेंधवा के बड़गांव में ग्रामीणों ने सरपंच पुत्र शिवम डुडवे पर मारपीट और धमकी के आरोप लगाए हैं। एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में भय का माहौल बना हुआ है।

सेंधवा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बड़गांव में कानून-व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर चिंता जताई है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे और नायब तहसीलदार सुधीर शर्मा को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सरपंच के पुत्र शिवम डुडवे पर गुंडागर्दी, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि शिवम डुडवे गांव में आए दिन विवाद करता है और लोगों के साथ मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी देता है। उनका आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ, बल्कि शिकायतकर्ताओं को और अधिक डराया-धमकाया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, हाल ही में सिविल अस्पताल में भी एक विवाद सामने आया, जहां शिवम डुडवे ने शिकायतकर्ता देवीसिंह जमरे के साथ मारपीट की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को नियंत्रित किया।

ग्रामीणों सखाराम मोरे और देवसिंह जमरे ने आरोप लगाया कि शिवम डुडवे और उसके पिता कुमार डुडवे दोनों ही आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। बताया गया कि कुमार डुडवे कुछ समय पहले हत्या के एक मामले में जेल से जमानत पर रिहा हुआ है। वहीं शिवम डुडवे के खिलाफ 30 अक्टूबर 2025 को भी ग्रामीण थाने में प्रकरण दर्ज किया गया था। ग्रामीण युवाओं का कहना है कि पिता-पुत्र के कारण गांव में डर का माहौल बना हुआ है और उनके खिलाफ आवाज उठाने वालों को धमकियां दी जाती हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि महिला सरपंच के नाम पर पंचायत का संचालन वास्तव में उनके पति और पुत्र द्वारा किया जा रहा है। जब भी ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पंचायत पहुंचते हैं, तो उन्हें डराया-धमकाया जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शिवम डुडवे के खिलाफ तत्काल प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और सुरक्षा का माहौल स्थापित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान भूरेलाल, आशाराम, सकाराम, राकेश, मोहन सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



दो अवैध पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार

सेंधवा शहर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो अवैध देशी पिस्टल बरामद की हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया।

बड़वानी जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत सेंधवा शहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो देशी पिस्टल बरामद की हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर और एसडीओपी अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में की गई।

घटना के अनुसार, 23 मार्च 2026 की शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित अपनी मोबाइल दुकान पर अवैध हथियार बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह कुशवाह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया और बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की गई।

घेराबंदी कर आरोपी गिरफ्तार, हथियार बरामद

पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए संदेही रॉकी उर्फ बबन पिता कन्हैयालाल सोनी (27 वर्ष), निवासी श्यामदास कॉलोनी, सेंधवा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो अवैध देशी पिस्टल बरामद की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई जा रही है।

आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे विवेचना में लिया गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी इन हथियारों को कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने की तैयारी में था। साथ ही मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।



इस कार्रवाई में उप निरीक्षक संतोष पाटीदार, सहायक उप निरीक्षक कमलेश सावनेर, संजय पाटीदार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

